राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन में देशी गौवंश आधुनिक दुग्धशाला का उद्घाटन किया

जयपुर, 14 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को यहां राजभवन में राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजुवास) बीकानेर द्वारा निर्मित देशी गौवंश आधुनिक दुग्धशाला का उद्घाटन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कर्नल विष्णु शर्मा ने बताया कि गौशाला में गौवंश के लिए चारे, आराम, साफ सफाई और स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित व्यवस्था की गई है। तेज गर्मी से बचाव के लिए यहां फव्वारा प्रणाली, गौवंश की स्वच्छता के लिए स्विंगिंग गाय ब्रश, स्वचालित स्नान के उपकरण आदि लगाए गए हैं।

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र ने गौशाला का अवलोकन कर वहां गौवंश की देखभाल के लिए विकसित की गई अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों की कार्य प्रणाली को समझा। उन्होंने गौशाला में की गई व्यवस्थाओं को संतोषप्रद बताते हुए सराहना की। उन्होंने इस दौरान गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर दुलार किया। राज्यपाल श्री मिश्र ने विश्वविद्यालय के त्रैमासिक न्यूज लेटर का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, पशु चिकित्सा महाविद्यालय जयपुर की डीन प्रो. संजीता शर्मा, राजुवास बीकानेर के नोडल अधिकारी प्रो. जी.एस. गौतम एवं असिस्टेंट प्रो. डॉ. नवाब सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

———

राज्यपाल श्री मिश्र ने बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जयन्ती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

जयपुर, 14 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को यहां राजभवन में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 130वीं जन्म जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी देशवासियों से बाबा साहेब के 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' के दर्शन और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान भी किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान में यह सुनिश्चित करने की पहल की कि देश में किसी भी हिस्से में रहने वाले नागरिकों के लिए जातीय और भाषायी आधार पर कोई भेद भाव नहीं हो। उनका स्पष्ट रूप से मानना था कि देश के सभी नागरिक पहले भारतीय हैं उसके बाद ही उनकी कोई और पहचान है।

——